**परिशिष्ट "अ"**

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 2162 द्वारा माननीय विधायक श्री विजय सिंह सोलंकी
सदन में उत्तर की तिथि 1-4-2016

**दिनांक 23.06.2015 एवं 04.08.2015**

खुबचंद पटेल बगैरा निवासी इदारतपुर द्वारा खडकेल निस्तार तालाब निर्माण में अनियमितता के संबंध मे आवेदन प्रस्तुत किये गये थे। जिनकी जांच कार्यपालन यंत्री,ग्रमीण यांत्रिकी सेवाएं से कराये जाने पर जांच में तालाब निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गई । यद्यपि मस्टर रोल में मृत एवं शासकीय सेवकों के नाम दर्ज होने के कारण उनके कार्यालयीन पत्र क्रमांक 7728/स्था/ग्रायासेवा/15 एवं 1138/ दिनांक 16.03.2016 से संबंधितों के विरूद्व कार्यवाही हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खरगौन को प्रस्ताव भेजे गये है।

**दिनांक 14.07.2015**

काशीराम पिता हरी निवासी इदारतपुर द्वारा अतिक्रमित भूमि के पट्टे की मांग संबंधी प्रस्तुत आवेदन तहसीलदार खरगौन को भेजा गया था। आवेदक का ग्राम इदारतपुर की भूमि खसरा नम्बर 479 रकबा 4.768 है0 मे से पेकी रकबा 1.214 मद ना.क.चरनोई पर अतिक्रमण था। वर्तमान में चरनोई भूमि पर कृषि हेतु पट्टे दिये जाने पर प्रतिबन्ध होने से उक्त भूमि का पट्टा दिया जाना सभंव नहीं है।

**दिनांक 04.08.2015**

श्री पंढरी पाटीदार (पंढरी मांगीलाल) एवं अन्य ईदारतपुर द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव की मिलीभगत से घटिया खरंजा निर्माण कराने की शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खरगौन से कराये जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि खरंजा निर्माण किसी भी योजना मे स्वीकृत नहीं हुआ है, शिकायत निराधार होकर असत्य है।

**दिनांक 15.09.2015 एवं 06.10.2015**

नारायण पिता सेवकराम एवं अन्य ग्रामवसीगण इदारतपुर द्वारा सामुदायिक भवन भाग-03 परफारमेन्स ग्रान्ट की नकली फर्जी बिल तैयार कर राशि हडपने की शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत खरगौन से कराई गई। उनके द्वारा बताया गया कि इदारतपुर मे परफारमेन्स ग्रान्ट 13 वॉं वित्त आयोग वर्ष 2013-14 में स्वीकृत कार्य मांगलिक / सामुदायिक भवन निर्माण कार्य राशि रूपये 5.00 लाख का कार्य प्राक्कलन एवं तकनीकि मापदण्ड अनुसार उपयंत्री के मार्गदर्शन मे कराया गया है । कार्य पूर्ण होकर प्रमाण पत्र जारी किये गये है । गुणवत्ता भी अच्छी है । शिकायत निराधार होकर असत्य पाई गई है ।

अनु... अधिकारी
समाव... विभाग-9
मंत्रालय, भोपाल